लक्ष्मीकांत शर्मा, मंत्री उच्च शिक्षा तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास संस्कृति, जनसंपर्क, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्त विभागों के मंत्री है। इन्होंने अपने काले धन से ही सिरोज में एक अवैध जमीन को अग्रवाल से लेकर एक टेक्नो युनिर्वसिटी खोली हैं। 99 प्रतिशत मप्र में चलने वाले इंजीनियरिंग कालेजों के पास न तो आवश्यक संसाधन है और न ही स्टॉफ इसके बाद भी सारे कालेजों में हर वर्ष 50,000 से ज्यादा विद्यार्थियों का इंजीनियरिंग की डिग्री रूपी कागज के टुकड़े सौंप कर अरबों रु. पालकों के बर्बाद किए जा रहे है। जन संपर्क में भी रु. 10000 करोड़ से ज्यादा की बंदरबांट में मंदिरों की संपत्ति और मंदिरों की आय डकारने में शर्मा जी की भूमिका अहम रहती है।

नागेन्द्र सिंह नागोद, मंत्री लोक निर्माण का पदभार संभाले नागोद जी को 5 वर्ष बाद भी ये मालूम नहीं होगा कि उनके विभाग में क्या कैसे हो रहा है। प्रदेश की सड़कों की हालात कैसी हैं। सारे बीओटी के ठेकों में टोल टैक्स वसूलने वाले है। बस वसूल कर जनता को क्या सुविधायें दे भी रहे हैं या नहीं। महाजालसाज भ्रष्ट डकैत विवेक अग्रवाल जो मप्र सड़क विकास निगम का प्र.सं. और विभागीय व अभी प्रधान सचिव का प्रभार संभाल चारों तरफ से लूट-पाट और बीओटी के 40 से ज्यादा ठेकेदारों से करोड़ों रु. का महीना डकार रहा हैं। मंत्री नागोद भले ही निहायत ढील-ढाले और सीधे-सीधे भ्रष्टाचार में लिप्त थे, परंतु इनकी आड़ में इनके रिश्तेदारों ने खूले भ्रष्टाचार किए।



मंत्री अर्चना चिटनीस, रु. 5000 का रबर का गद्दा रु. 50000 से डेढ़ लाख में जापानी गद्दा बनाकर बैचने वाली ये जालसाज मंत्री ने स्कूली शिक्षा की केन्द्र व सरकार की निधि में करोड़ों रु. के घोटाले के आरोप हैं।

डॉ. रामकृष्ण कुसमारिया, मंत्री कृषि विकास एवं कृषक कल्याण विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभाग में जहां केन्द्र और राज्य का लगभग रु. 15000 रु. करोड़ से ज्यादा का बजट अधिकतम पैसा अनुदान बांटने के खेल में भारी बंदरबांट होती है। अरबो रु. की बंदरबांट से लूट-पाट में कुसमारियां भी मोटा हिस्सा डकारते हैं। दूसरी और खाद, बीज, दवाओं आदि की पूरे मप्र की खरीदी में भी करोड़ों रु. के कमीशन का लेन-देन होता हैं। कृषि को लाभ का धंधा बनाने का शिगुफा पूरा प्रदेश और देश में दिख ही रहा है।

गौरीशंकर चतुर्भुज बिसेन, मंत्री लोक स्वास्थय यांत्रिकीय और सहकारिता दोनों ही विभागों में चारों तरफ भारी भ्रष्टाचार है। लोक स्वा. यां. विभाग में जल प्रबंधन के लिए केन्द्र और राज्य का कुल मिलाकर रु. 20000 करोड़ से ज्यादा का बजट मिलता है, जिसमें से 25 से 30 प्रतिशत तक का जो 500 से रु. 700 करोड़ हजम कर जाते हैं। ऊपर से नीचे तक, दूसरी ओर सहकारिता तो हर कदम साख, बैंकिग,ग्रामीण सहकारी समितियों, गृह निर्माण शासकीय और गैर शासकीय उत्पादक संस्थानों में दोनों हाथों से लूट में भी इसका हिस्सा रहता है।

तुकोजीराव पंवार, मंत्री पर्यटन और खेल व युवा कल्याण मंत्री भी अपने अय्याशीयों और मौज मस्ती के लिए कुख्यात रहे हैं। हाल-फिलहाल अभी बीमारी से स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। जहां तक पर्यटन और खेल व युवा कल्याण मंत्री विभाग में मची चारों तरफ लूट-पाट सिद्ध करती है।



करण सिंह वर्मा, मंत्री राजस्व, पुनर्वास मंत्रालयों में पूरे प्रदेश में, तहसीलों, जिलों के जिलाधीश आदि से वसूली की जाती रही है। खनन, भूमाफियाओं की कहानियां रोज ही प्रदेश भर के अखबारों में छाई रहती है।

उमाशंकर गुप्ता, गृह मंत्री के रहते हुए पूरे प्रदेशों में अपराधों की बाढ़ आई हुई है। अपराधों की बढ़ती संख्या से घबराकर मंत्री जी ने 100 नं. पुलिस का आपातकालीन नं. ही बंद करवा दिया हैं। बार-बार पिछले तीन-चार वर्षों समय माया की साइटों पर लिखने के बाद अब नं. लगने पर आउट ऑफ रेंज बता रहा है। प्रदेश भर में मे न केवल अपराधों, नशीली दवाओं, सट्टे का व्यापार और अपराधी खूब फले-फूले

राज्यमंत्री पारसचंद्र जैन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं

साप्ताहिक समय माया

मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर एंटी इवेजन ब्यूरो- शुद्ध वसूलीबाजों का गिरोह

ट्रांसपोर्टर्स, बसों से महीना वसूली आकस्मिक वालों से बाहर सौदेबाजी

महिला अधिकारियों द्वारा अवैध वसूली अड्डों पर दलालों की भीड़

मप्र वाणिज्य कर विभाग में अधिकांश कार्य ऑनलाइन किया जाने लगा है। जिसके घोर दुष्परिणाम भी सामने आने लगे है। अब टिन आवंटित व्यापारियों ने अपने जालसाजियों और कर चोरी के तरीके भी आधुनिक कर दिए है। अब वह टिन से फार्म 49 अपने ही कम्पयूटर से डाउनलोड कर कोई सा भी माल मंगा लेता है और समय पर कर भी शासन को नहीं देता है। पूरे देश में जैसे अधिकांश करों कार्य ऑनलाइन किया जा रहा है और कर चोरों को खुली छूट दी जा रही है, इसके पीछे बहुराष्ट्रीय कं. के इशारों पर जिस तरह से सरकारें नाच रही हैं और जिस तरह से जीएसटी लगाने के पीछे पड़ी है, पूर्ण तरह से पूरे राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को बहुराष्ट्रीय कं. के हाथों में सौंपकर केवल कमीशन डकारे जाने की तैयारी है।

भले ही मप्र सरकार ने जीएसटी को लागू नहीं किया हो परंतु पूरा विभागीय कार्य इन्हीं की इच्छानुसार चलाया जा रहा है। व्यापारियों से कर दाताओं से विश्व की कोई सरकार 100 प्रश ईमानदारी कर वसूल नहीं कर पाती है तो भारत में ये उम्मीद करना कि भारत में 100 प्रश कर वसूली हो जायेगी संभव ही नहीं। इसके विपरित एंटी इवेजन ब्यूरो बनाकर मप्र वाणिज्य कर की वसूली की दरें मात्र 20 से 30 प्रश रह गई। वाणिज्य कर में चपरासी से लेकर कर आयुक्त को विभाग में कर वसूली के लिये ही बैठाया गया था। सन 2005 तक हर अधिकारी, कराधान सहायक, निरीक्षक, सहा. वाणिज्यक अधिकारी, कराधिकारी, सहा. आयुक्त, उपायुक्त सब ही अपने-अपने क्षेत्र में वाणिज्यकरों की वसूली के लिये व्यापारियों की जांच, उसका स्टॉफ उसकी पुस्तकों, बिलों की जांच करने का अधिकार और वाणिज्य की वसूली का अधिकार था, तब तो व्यापार कर चोरी कर लेता था, अब ये सारे अधिकार समाप्त कर अलग से जो एंटी इवेजन ब्यूरो बना दिया गया और चुन-चुन कर अधिकांश भ्रष्टों को बैठा दिया गया, जो अधिकांशतः पूवे से ही ऐतिहासिक रूप से अपने भ्रष्टाचार के प्रमाण हर कदम पर देते रहे है। पूरे प्रदेश की छह एंटी इवेजन विंग से जिसमें दो इंदौंर में एक सतना, ग्वालियर, जबलपुर, भोपाल में है।

सारी विंग्स की इकाइयां ट्रांसपोर्ट से महीना प्रति ट्रक रु. 5000 के हिसाब से और बसें इन जालसाजों के अड्डों रूपी डकेतों को भेजती रहती है। बसों पर माल लादकर भेजने की व्यवस्था पर सर्वोच्च न्यायालय की रोक के बाद भी बसों पर माल लादने का कारोबार बंद नहीं हुआ हैं, और न कभी बंद होगा। ये पूरे प्रदेश की छह ब्यूरोज अपना महीना वसूली कर आंखे मूंद चुपचाप माल लदाई और ढुलाई चालू रहती है। दूसरी और इंदौर ए और बी विंग में महिला अधिकारी अल्का डामोर, प्रेतिमा करारी व अन्य का तो कारोबार ही सबसे अलग-अलग है। इन सबके वसूली के शहर में अलग-अलग अड्डे और दलाल हैं। ये सारी महिला अधिकारी अपनी ड्यूटी टाइम के अतिरिक्त भी सुबह 8-9 बजे से निकलकर 11-12 के बीच जितनी भी लोडिंग रिक्शा, ऑटो रिक्शा गाड़ियां पकड़ती है, उन्हें चमका धमका कर घेरना और माल के कच्चे-पक्के बिलों का माल का आंकलन करना, 5 गुना पेनाल्टी के लिये चमका-धमका कर रु. 2 से 10 हजार तक 4-5 लोगों से वसूली कर सारा पैसा हजम। वाणिज्यिक कर अधिकारी सिलावट के तो दस्तावेजी रिकार्डों की माल गोदाम में बकायदा वाहनों की प्रविष्टि करने के बाद जब वसूली पक्की हो गई तो रजिस्टर में से उसकी प्रविष्टि काट कर धन वसूली कर उसे छोड़ दिया जाता है। इन सबकी हमारे साथी पत्रकार दीपक जैन ने लिखित में शिकायत की थी। ये महिलायें, सांय काल से रात्रि तक भी इसी प्रकार वसूली कर रु. 10-20 से रु. 50 हजार तक वसूली कर हजम कर जाती है। जब वसूली के अवसर नहीं होते हैं तो इनके घरों के आसपास दलालों की भीड़ रहती है। महिलाओं के साथ जिन टैक्सियों का उपयोग किया जाता है उनके ड्रायवरों से इन तीनों महिलाओं की वास्तविकता ज्यादा बेहतर तरीके से मालूम की जा सकती है। दूसरी और लोकायुक्त वालों को लगातार इनकी शिकायत की जा रही है। आये दिन समाचार पत्रों में इनके भ्रष्टाचार वसूली का कहानियां छपती रहती है। परंतु इन पर लोकायुक्त छापा नहीं मारती क्योंकि उन्हें भी महीना मिलता रहता है, इसलिए वो इन पर छापा नहीं मारती।

इंदौर की दोनों ए और बी जहां भी छापा मारती है, वहां पर करोड़ों रु. की टैक्स चोरी पकड़ी जाती है, ता ये सारे जालसाजों की फौज उससे कुछ लाखों में वसूली कर, लेन-देनका मोटा समायोजन कर छोड़ देती है। हाल ही में चाय वालों पर आटो पार्टस, इलेक्ट्रानिक्स गुड्, तेल वालों पर छापे मारे थे। करोड़ों के टर्न ओवर होने पर रु. 5 लाख से लेकर अधिकतम रु. 20 लाख ही वसूले गये। प्रदेश की 30 जाचं चौकियों पर अब जबकि कैमरी आदि की व्यवस्थाएं भी हैं। इसके विपरित सारा काम आज भी दलालों और गुंडे बदमाशों की ठेकेदारी व्यवस्था सेंधवा जैसे बेरियरों पर पुलिस की मिली भगत के साथ चल ही रहा है। जिसको विभागीय भ्रष्ट रोकना भी नहीं चाहते। फिर एंटी इवेजन में बैठे अधिकांश स्टाफ को विभागीय कमाई से केवल इतना मतलब हैं, ताकि दिखता रहे कि ये काम कर रहे हैं, बाकि यहां बैठकर सभी अपनी व्यक्तिगत कमाई में ज्यादा विश्वास रखते हैं। फिर क्या मात्र पूरे मप्र 6 एंटी इवेजन ईकाइयां पूरे प्रदेश में वर्ष भर में हो रही रु. 5000 करोड़ से ज्यादा की चोरी रोक सकती है। भले ही बहुराष्ट्रीय कंपनी के इशारे पर नाचने वाली सरकारे इस बात को लेकर अपनी पीठ थपथपाती रहे कि उनकी परिवर्तनशील व्यवस्थाओं से सरकारी कर आय में वर्ष दर वर्ष बढ़ोत्तरी के मूल कारणों में सरकारी तेल कंपनियों के बढ़ते पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों पर मिलने वाली कर आय की बड़ी भूमिका है, दूसरी और बहुराष्ट्रीय कं. भी अपनी बिक्री 50प्रश से ज्यादा एक नंबर में कारोबार कर 50 प्रश पर जो बड़भ धनराशि चुकाती है। उससे भी आय बढ़ रही है, अन्यथा 5,00,000 से ज्यादा व्यापारी व्यापार करते हैं, परंतु वास्तविकता तो कुल बिक्री पर मात्र 20 से 30 प्रश ही चुकाते हैं। सरकारी नीतियां भी छोटे व्यापारियों को समाप्त करने की और बढ़ रही है, इसलिए वो जानबूझकर इन छोटे व्यापारियों को कर चोरी की पूरी छूट दे रहे हैं। कि कर लो अभी जो करना है, हम आंख मींच कर बैठे हैं, जो दे उसका भी भला और न दे उसका भी भला। जितना मर्जी हो ऑनलाइन जमाकर दो और चाहे तो आइटीआर में वसूली भी कर लो। आडिट विंग भी कोई खास काम नहीं कर पा रही है। आने वाले समय में न छोटे व्यापारी रहेंगे न ही उनके पीछे कर वसूली की झंझट करना पड़ेग। जीएसटी लगते ही भले ही राज्य सरकारों के केन्द्र सरकार दीवाले निकालने पर मजबूर कर वो सारी कंपनियों से मोटा लेन-देन कर दिल्ली में ही किसी भी बहाने छूट दे देगी इसलिए अब मप्र सरकार ने भी वर्षों से लिपिक वर्गीय स्टाफ की भर्ती करना ही बंद कर दी है। अब मात्र कराधान सहायक, निरीक्षक, सहा. वाणिज्यिक कर अधिकारियों की भर्ती कर रही है।

वर्तमान में एंटी इवेजन विंग्स के अतिरिक्त सभी अधिकारियों के सारे अधिकारी प्रतिबंधित कर रखे हैं। इसमें कर सलाहकारों की चांदी कट रही हैं। प्रदेश की 6 एंटी इवेजन इकाइयों में मात्र 200 अधिकारियों का स्टाफ भी नहीं है जो लगभग 5 लाख से ज्यादा व्यापारियों, 5 लाख से ज्यादा ट्रकों, 50000 से ज्यादा बसों, लोडिंग रिक्शा, मिनी ट्रकों पर कर चोरी को रोक सकें और तो स्वयं महीना डकार कर चोरी को प्रोत्साहित ही कर रहे है। साथ ही उपायुक्त सोनवलकर जैसे मुखिया ही टीम के तो अंदाजा लगाया जा सकता है जिन्होंने नियुक्ति से लेकर हर कदम, हर दिन, हर नियुक्ति में जिसे उसने धन खर्च प्राप्त किया हो, खुले में अरबों की टैक्स चोरी करवाकर रु. करोड़ों हजम किये हो तो वो एंटी इवेजन में क्या कर रहे होंगे।

चीन की सैन्य शक्ति पर जापानीयों को छूट आवश्यक

पेज 1 का शेष

साथ ही दक्षिण एशिया में जो उसका खास पिट्ठू पाकिस्तान था, उसने वह भ्रम भी न केवल तोड़ा वरन उसने पाकिस्तान को अपनी तरफ कर उसे न केवल सैन्य सहायता भी दी साथ ही उसके परमाणु हथियारों के कार्यक्रम में भी सहयोगी है। जिस अमेरिकी सहायता से पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चलती है वही पाकिस्तान चाहे जब अमेरिका पर आंखे भीतेरता है, जिस पाकिस्तान को अमेरिका दक्षिण एशिया में खास सहयोगी समझता है वह अमेरिका को अमेरिका दक्षिण एशिया में खास सहयोगी समझता हैं, वह अमेरिका की अपेक्षा चीन के साथ न केवल सैन्य सहयोग करता है वरन उसने भारत को युद्ध में दोनों तरफ से नेस्तानाबूद करने के लिए न केवल करांची जैसे बंदरगाह पर चीन को सैन्य अड्डे के विस्तार को सुविधायें दे रही है वरन् चीन से करांची तक सड़क और रेलवे लाइन बिछाने तक के लिए सहयोग दे रहा है ताकि वह पश्चिमी एशिया से अपने व्यवसायिक और पेट्रोल आयात के रास्ते भी शुरू कर सके।चीन ने अपनी साम्राज्यवादी नीतियों के चलते तिब्बत को अपना ही एक राज्य बना लिया। पिछले 60-65 वर्षों में उसने तिब्बत में विरोध के चलते 60 लाख से ज्यादा तिब्बतियों को मौत के घाट उतार दिया। इस पर अमेरिका भी उसके विरूद्ध सीधी कोई टिप्पणी नहीं कर पाया, न ही इस नरसंहार को रोकने के लिए कोई ठोस कदन उठा पाया यदि उसकी पाकिस्तान के करांची बंदरगाह तक सीधी सड़क और रेल लाइन बिछाई जाती है तो ये सबसे पहले अफगानिस्तान पर अमेरिकी वर्चस्व को समाप्त करने की पूरी कोशिश करेगा।

अमेरिका को समय बदलने के साथ ही जापानी सैन्य विस्तार प्रतिबंध को शीघ्रता से न केवल हटा देना चाहिए वरन उसके सैन्य विस्तारद में हर तरह का सहयोग कर चीनी सैन्य विस्तार को चुनौती देता है। उसका ऐतिहासिक शत्रु जापान के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में सहयोग कर चीनी सैन्य गतिविधियों पर जनर रखने, उसने चुनौती देने में भी सक्षम बनया जाना चाहिए। चीन उसका प्रशासन, उसकी सेना और जनता जापान का नाम सुनकर ही काफी डरती और घबराती है। यदि जापान सैन्य विस्तार कर अपनी जल, थल और नभ के साथ ही अंतरिक्ष में भी सैन्य विस्तार करने की इच्छा रखता हैं, तो उसकी इन इच्छाओं को सम्मान कर चीन को उसके पड़ोस में ही चुनौती देने की सक्षमता प्रदान करने से अमेरिका को भविष्य में बहुत लाभ मिलेगा। बेशक इसका लाभ वर्तमान और भविष्य में इसलिए मिलेगा कि वह अपनी साम्राज्यवादी नीतियों के विस्तार की अपेक्षा पहले अपने अपने असतित्व को बचाए रखने के प्रयास में जापानीयों जैसे शत्रु से दो-दो हाथ करने में उसे अपनी ताकत ज्यादा झोंकनी पड़ेगी, जिससे चीन न केवल अमेरिका को चुनौती भी नहीं दे वरन उत्तरी पूर्ण भारत में जो उसकी 50-60 वर्षों से चल रही सैन्य गतिविधियों पर भी लगाम लगाने के लिए विवश होना पड़ेगा। जापानियों की राष्ट्रभक्ति, संघर्षशील प्रवृत्ति, जुझारू और विरले दर्जे का आत्म विश्वास युक्त लड़ाकूपन की दुनिया कायल है। उसे जल, थल और नभ सैन्य विस्तार की पूर्ण स्वतंत्रता मिलते ही वह कुछ ही वर्षों में पूर्ण सक्षम तरीके से चीनी सैन्य क्षमताओं को न केवल सामना करने वरन उसे महुं तोड़ जवाब देने में सक्षम हो गया तो चीनी भारत और अमेरिका को चुनौती देने की तो दूर, जापान को जवाब देने में ही उलझ जाएगा।

वैसे चीन उसके घर में ही चुनौती, उसकी जनता से ही मिल गई, परंतु भारत के नकारा, निकम्मे और भ्रष्ट शासकों से जिन्हें राष्ट्र को लूट कर खाने, बैचने और गिरवी रखने से ही फुर्सत नहीं है तो उनसे अपने शत्रुओं को उनके घर में ही नष्ट करने की उम्मीद ही करना बेकार है। परंतु जापान के साथ अमेरिका मिलकर इस कार्य को अंजाम दे सकते है। चूंकि चीन एक कम्युनिस्ट राष्ट्र है, वहां जनता की आवाज पिछले 65 वर्षों से लागातार कुचला जा रहा है। 1987 की ध्येनमन चौकी की क्रांति की ज्वाला अभी शांत नहीं हुई है। धीरे-धीरे वह ज्वालामुखी का रूप ले रही है। उस ज्वाला को एकत्रित कर उस ज्वालामुखी में थोड़े से प्रयासों के बाद विस्फोटित किया जा सकता है, फिर तिब्बती भी उसके विरुद्ध है। उधर ताईवान औश्र मंगोलियन भी चीन का अपने ऊपर प्रभुत्व नहीं चाहते हैं। चीन भले ही पाकिस्तान को कितना भी सहयोग करें, परंतु पाकिस्तानी मुस्लिम आतंकवाद चीन में पैर पसार रहा हैं, जिसके बारे में चीन पाकिस्तान से कई बार विरोध प्रकट कर चुका है, परंतु पाकिस्तानी हुक्मरानों और उसकी आईएसआई को इसस कोई फर्क नहीं पड़ा। दूसरी और चीनी कंपनियों देशी-विदेशी सभी में वहां की जनता से प्रतिदिन 12 से 14 घंटे जानवरों की तरह काम लेने के तरीके से आंतरिक रूप से बहुत त्रस्त है, वहां पर अंतराष्ट्रीय श्रम कानूनों का न केवल घोर उल्लंघन हो रहा है वरन आंतरिक रूप से जानवरों की तरह काम लेने से वहां का श्रमिक भी छटपटा रहा है। इन सब तथ्यों का जापानी कंपनियां जो वहां अपने उत्पादन कार्यों में लगी है। आंतरिक रूप से धीरे-धीरे इसे हथियार बनाकर उपयोग करें तो कम्युनिस्ट पार्टी को सत्ता संभालना मुश्किल हो जाएगा। इस बीच अमेरिकी छूट से अगर जापान ने अपना आधुनिक जल, थल, नभ सेनाओं का विस्तार कर लिया और इन आंतरिक हथियारों को जो बारूद के ढेर के रूप में हैं, चिंगारी दिखा दी तो चीन क्या किसी को चुनौती देगा, उसे असतित्व बचाने के लिए हाथ पैर मारना पड़ंगे। चीन पर बाहरी आक्रमण करने से बेहतर उसे उसके अंदर ही उसे बर्बाद किया जाए। ऐसे में जापान अपनी आधुनिक सैन्य क्षमताओं के साथ आक्रमण दे, तो पुनः चीन को हथिया लेगा।

प्र.मं. कार्यालय लाखों करोड़ रु. के भ्रष्टाचार का अड्डा

पेज 1 का शेष

बजट में पूरी व्यवस्था इस तरह से की जाती है कि, ताकि उनकी वर्ष भर में लाखों करोड़ हजम करने की व्यवस्था हो जाये। हर बजट में जनहित की योजनायें लागू करने के पूर्व यह नियोजन किया जाता है कि उसमें उन्हें क्या लाभ होगा, तब ही सारी योजनायें लागू करने की तैयारी की जाती है। यदि हर बात की बारीकी से जांच की जाए तो मालूम पड़ेगा कि हर कार्य में षड़यंत्रों की भरमार है। हर कानून को बनाने लागू करने के पीछे भी यही कहानी हैं। 1970 के बाद बनाये गये अधिकांश कानूनों में स्वहित पहले देखा जाता है। यहां तक कि अधिकांश व्यावसायिक कानूनों का उद्देश्य भी पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने की व्यवस्था पहले की गई। जैसे खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधि., मनरेगा सब पूंजीपतियों के लिये, पूंजीपतियों से मोटा कमीशन डकार कर भविष्य में अपना मोटा कमीशन डकारने के लिये ही बना गये। पूरा ढोंग जनहितों का किया गया,जबकि खाद्य अपमिश्रण निवारण अधि. 1954 उनके ही लिये उनके इशारों पर समाप्त कर दिया गया, क्योंकि उसमें कीमतों पर नियंत्रण लगाने से लेकर मिलावटी, स्तरहीन, सड़ा गला होने पर सजा की व्यवस्थ थी जिसमें भारत में बड़ी कंपनियां आने में घबराती थी। जहां तक संसद में बैठे 542 सांसदों का सवाल है, सारे टुकड़खोर जालसाज है, वे जहां जनसेवा करने नहीं कमाने जाते हैं। सत्ताधीशों की जालसाजियां पकड़ी जाये इससे पहले ही उनकों मोटे टुकड़े डालकर उनका मुंह बंद कर दिया जाता है, तो सरकार की हा में हां कर ऐसे सभी कानूनों पर अंगुठा ऐसे ही लगा देते है।

पीथमपुर में साधन ही नहीं, यु.का. की मिक नष्ट करने हेतु

पेज 1 का शेष

सर्वोच्च न्यायालय ने युनियन कार्बाइड की जहरीली गैस मिक के 350 टन कचरे को जलाने की पीथमपुर अवशिष्ट निपटान केन्द्र में मंजूरी कैसे दे दी। जबकि यह मामला इस बात को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में वर्षों से लंबित था। आखिर समय माया द्वारा इस सच्चाई को प्रस्तुत करने के उपरांत यहां की जनता ने इस बात को समझा और इसके विरुद्ध आंदोलन करना नहीं उचित समझा दूसरी और भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय प्रधान सचिव चटर्जी या बनर्जी ने वहां से सेवानिवृत होते ही क्यों रेमकी हैदराबाद में नौकरी कर ली ऊंचे वेतन पर। उसके नियुक्त होते ही उसने न केवल सर्वोच्च न्यायालय में उसी आदेश के विरुद्ध आदेश पारित करवा कर पीथमपुर में गैस नष्ट करने की अनुमति प्राप्त कर ली। जबकि उसी सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर ही मप्र सरकार ने उस गैस के 350 टन ठोस पदार्थ को नष्ट करने के लिए विश्व स्तर पर निविदायें बुलाकर नष्ट करने की तैयारी की थी जिसमें जर्मनी की किसी फर्म ने ठेका लेकर वापिस कर दिया था फिर अचानक क्या हुआ कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने ही आदेश को पलटकर पुनः पीथमपुर में जलाने का आदेश दिया। जब इसके कारणों की तह में जाने पर मालूम पड़ा कि मामला 200 करोड़ रु. हजम करने का है, जिसमें सारा खेल वह केन्द्रीय मंत्रालय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय का सेवानिवृति प्राप्त सचिव बनर्जी/चटर्जी संभाल रहा है। उसने मप्र में भी इस कार्य से प्रदूषण मंडल को अलग कर दिया है और इस रु. 200 करोड़ में से रु. 50 करोड़ के टुकड़े चारों तरफ बांटकर सारी अनुमतियां खरीदी गई है। इसके उपरांत यह निश्चित हो गया कि यह कचरा पीथमपुर में ही चुप-चाप नष्ट किया जा रहा है और इस आचार संहिता की आड़ में खेल संपन्न कर रु. 200 करोड़ हजम कर लेगा रेमकी,जबकि यह घूर्त दक्षिण भारतीयों की कंपनी चारों तरफ अपनी जालसाज गतिविधियों के लिए कुख्यात हो चुकी है, असने इंदौर में भी नर्मदा तृतीय चरण की पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया हैं, जो हर महीने दो महीनों में फुटती रहती है।

इस अपशिष्ट निपटान केन्द्र के निर्माण के लिए 60 एकड़ जमीन पर रु. 25 करोड़ का संयंत्र स्थापित करना था जो जून 2005 में उदघाटित किया गया था। जिसमें रु. 8 करोड़ की केन्द्र के अनुदान पर निर्मित की गई थी, जब एकेवीएन इंदौर ने जमीन ही 20 एकड़ दी तो प्रोजेक्ट भी घट कर एक तिहाई रह गया। दूसरा प्रोजेक्ट का निर्माण स्थल भी पहाड़ी पर गांव के बीच में स्थापित किया गया जबकि न केवल उस दूर निर्जन स्थान पर बनाया जाना चाहिए था साथ ही उस पहाड़ी का बरसाती पानी बहकर चंबल नदी में जाकर मिलता है पर इन सबकों नजरअंदाज कर रु. 8 करोड़ में ही पूरा निपटान केन्द्र खड़ा कर दिया गया। अनेकों बार यहां के क्षेत्रीय प्रदूषण मंडल से उसके पूर्णताः प्रमाण पत्र की प्रतियां मांगी गईं जो अभी तक नहीं दी गई। जून 2005 को उदघाटन के और जनसुनवाई के समय श्री अजमेरा ने ये सारे प्रश्न उठाये थे, तब तात्कालीन क्ष. प्र. अहिरवार केन्द्र क्षे. का मप्र प्रदूषण मंडल धार ने श्री अजमेरा के हर प्रश्न पर हुज्जत की और हर बात पर झुंझला उठता था, क्योंकि उस रु. 8 करोड़ में भी उसका हिस्सा था। जैसा कि कहा गया था कि जितना इसमें प्रोजेक्ट को बढ़ाकर दिखाया जा रहा है। उसमें से 25 प्रतिशत काम भी नहीं किया जाएगा। वहीं हुआ इसकी सत्यता की पुष्टि उसकी जांच से किया जा सकता है। सर्वोच्च को इस निपटान केन्द्र के स्तर को अर्न्तराष्ट्रीय एजेंसियों से जांच कर देखना चाहिए कि क्या वह निपटान केन्द्र इस योग्य भी है कि 350 टन मिथाइल आइसोसायनेट को नष्ट किया जा सकता है। जब जर्मनी की फर्म ने इतना पैसा देने के बाद नष्ट करने से मना कर दिया था तो भारत में कैसे नष्ट किया जा रहा है। फिर 29 वर्ष के बाद भी न केवल सरकारी एजेंसियों वरना किसी निजी संस्था ने उस विषैले रसायन को नष्ट करने या साधारण पदार्थ में बदलने पर शोध क्यों नहीं किए। जबकि डीआरडीओ भी उस पदार्थ का सामरिक उपयोग में ले सकता था। उस त्रासदी पर राजनीति होते-होते, 29 वर्ष गुजर जाने के बाद उस विषैली गैस को नष्ट करने राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कोई खास काम नहीं किया गया। अब जब रु. 200 करोड़ का धन दिख रहा है, तो वही सचिव जो 10 वर्षों से उसे यहां नष्ट करने का विरोध कर रहा था। उसी कंपनी का हिस्सा बनते ही उसे इंदौर के पीथमपुर में नष्ट करने और पैसा डकारने की राह में अंधा बनकर उसे इंदौर की 30 लाख की आबादी और पीथमपुर की 1 लाख से ज्यादा और महू का सैन्य संस्थान नहीं दिखाई दे रहे। स्थानीय नेताओं, नगर निगम, जिलाधीश इंदौर-धार व सभी कल्याणकारी संघों को भी धन के लालच में चुप हैं।

करोड़ों डकारने के बाद भी हर छोट-छोटे काम में जालसाजियां

टैक्सीयों के नाम पर लगाते हैं लाखों का चूना

प्रति वर्ष रु. 2 से 3 लाख किराये में 3 वर्ष के किराये में तो पूरी गाड़ी ही खरीदें

मप्र शासन में वाहनों के नाम पर की जा रही लूट को रोकने के लिये किराये की टैक्सियों को विभागों में लगाना शुरू किया था, परंतु इस कार्यक्रम में भी सरकारी अधिकारियों ने लूट के तरीके खोज लिये। इसके लिए अधिकांश विभागों में वहीं के सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने काले धन और भ्रष्टाचार की कमाई के धन से अपनी ही टैक्सियां अपने रिश्तेदारों और मिलने-जुलने वालों के नाम से खरीदकर लगाना शुरू कर दिया और शासन को स्पष्ट नियमों और परिपत्रों को बलाये ताक में रखकर मनमाने किराये पर है। टैक्सियां लगाना शुरू कर दिया और वाहन चालक भी विभागीय वेतन पर मिला ही था। उसेस उन टैक्सियों के नाम पर वसूली का तरीका निकाल लिया। सभी कार्य विभागों जिसमें ग्रामीण यांत्रिकीय, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, मप्र जल संसाधन आदि विभाग आते हैं, में 10 से 40 प्रश तके किराये के भुगतान में एक ही शहर में है, दूसरी और विभागों में टैक्सी कोटे में पंजीकृत वाहन ही लिया जायेगा। वाहन लेते समय अधिकतम 3 वर्ष से ज्यादा पुराना वाहन न हो, फिर वाहन लेने वाले की कुल वेतन आय के अनुपात और सीमा में ही वाहन किराये पर लिया जायेगा, जिसे समय माया ने 12 से 18 अगस्त 13 में प्रकाशित किया था, जिसका उद्देश्य ही था कि अधिकारीगणों की लूट प्रथा को बंद किया जाये।

इसके विपरित मप्र लोक निर्माण विभाग इंदौर, उज्जैन, मप्र लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, मप्र ग्रामीण यांत्रिकीय, मप्र जल संसाधन विभाग, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण आदि सभी को सूचना के अधिकार में इससे संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिये पत्र दिये गये परंतु ये हरामखोर,जालसाजों की फौज कितनी मक्कार है और स्याना बनने की कोशिश करती है उसका अंदाजा इस बात से ही लग जाता है कि ये शकूरों की फौज जिसमें मप्र लोक स्वा. यांत्रिकीय विभाग का मुख्य अभियंता जो इंदौर में पदस्थ है, ये जालसाज तो श्री अजमेरा के पत्रों का जवाब देता ही नहीं है। जैसे इनके बाप की जागीर हो, जैसे ये लोक स्वा. यांत्रिकीय विभाग जिस कानून से इस हरामखोर को नियुक्तियां पदोन्नतियां मिली और जन, धन से ये सारे सुख-सुविधायें भोग रहे हैं। उस कानून को ये अपनी रखैल समझ कर उसका मजाक उड़ाते हुये न केवल जवाब नहीं देते वरन उस पर लगाई हुई तीन अपीलों को भी दी जाती है दूसरी और इस अकेले के पास तीन टैक्सियां इसने संभागीय अभियंता के नाम से किराये पर लेकर एक अपनी घरवाली के लिये, एक बेटी के लिये और एक स्वयं के कार्यालयीन उपयोग में लगा रखी है। इसलिए कैसे दे उनकी लॉग बुक और बिलों की छाया प्रतिलिपियां।

न.घा.वि.प्रा. निचली नर्मदा परियोजना में ये हराखोर पात्रता न होने के बाद भी एसडीओ का यं.अं.य. रु. 7.50 लाख से अधिक कीमत की गाड़ियां भी रु. 24000/- प्रति माह के किराये पर ले रखी है। जबकि वही बोलेरो व अन्य गाड़ियां इसी इंदौर में मप्र लोक निर्माण विभाग में वह न चालक के साथ भी रु. 15000/- से रु. 18000/- प्रति माह के किराये पर चल रही है। अर्थात रु. 6 से 3 हजार प्रतिमाह का भुगतान जबकि गाड़ियां अधिकांश स्टॉफ और उनके मिलने-जुलने वाले लोगों की ही हैं। टैक्सियां के निविदा प्रकाशन की प्रतिलिपियां भी मांगी गई थी परंतु उसकी भी प्रतियां नहीं दी गई। इसमें अधिकांश टैक्सियों पर टैक्सी परमिट नहीं मिला। एक टैक्सी जो शिव कन्या के नाम से प्रजीकृत होने और पता मंडलेश्वर जिला खरगोन का दिया हुआ है। परंतु गाड़ी इंदौर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय से पंजीकृत है, इसके अनुसार इस मुख्य अभियंता कार्यालय में दो अधीक्षक यंत्री और 6 संभागीय यंत्रियों उसके 12-15 सहा.यं. या उप संभागीय यंत्रियों के लिये जो वाहन किराये पर लिये गये अधिकांश रु. 21 हजार से 24500/- प्रतिमाह तक के किराये पर लेकर न्यूनतम रु. 5000/- से रु. 10000/- प्रति माह प्रति वाहन शासन को चूना लगाया जा रहा है, जबकि अकेले निचली नर्मदा परियोजनाओं में रु. 1500 से रु. 2000 कारों के ठेके चल रहे है। यदि मुख्य अभियंता अजनारे के पास पाइप लाइन का 0.5 प्रतिशत भी आता है तो करोड़ो रु. मिलता है पर अधिकांश की ठेकेदार उपयंत्री से लेकर मुख्य अभियंता तक सबकी एक वेतन पूरा प्रति माह शुल्क देते हैं। जबकि इसी परिपत्र के बिंदू क्रमांक 4 में स्पष्ट लिखा है कि रु. 10000/- का ग्रेड को पाने वालों से रु. 67000/- से रु. 79000/- तक उच्च स्तरीय वेतनमान पाने वालो को भी वाहन की अधिकतम लागत रु. 7.50 लाख (एक्स शोरूम कीमत) होगी,इतना सबकुछ स्पष्ट होने के बाद भी जायलों, टाटा सूमों,बोलेरों से कम किसी भी अधिकारी को गाड़ियां पसंद नहीं आती। यदि इसको स्वीकार कर भी लिया जाये तो इसी इंदौर में ही न.घा.वि.प्रा. किराये पर वही गाड़ी रु. 21000 से 24500/- तक के किराये पर लेगा जबकि दूसरे कार्य विभाग तथा लोक निर्माण विभाग वही वाहन रु. 14500/- से रु. 18000/- में ले रहा है, जबकि दोनों की ही मासिक दरों में वाहन चालक का वेतन भी शामिल है, दूसरी और वाहन चालक जो विभागीय है यदि नियमित है तो किराये से ज्यादा उसक वाहन चालक का है और अधिकांश किराये पर लिये गये वाहनों को विभागीय वाहन चालक ही चला रहे है। साथ ही शासन के अंतगर्त वेतन प्राप्त वाहन चालक को ही रु. 1000-2000/-महीना वाहन मालिक ही भुगतान करता है, ताकि वाहन चालक उसकी शिकायत न करें। जब तक शिकायत नहीं होती वाहन चालक का वेतन जोड़कर ही पूरी टैक्सी का बिल भुगतान कर लेता है। अर्थात जालसाजी कहीं पर तो लाभ मिले। जैसा भी मौका मिला उसके तत्काल नगदी करने करने में अवश्य जुट जाते है। वैसे त्रिपुरा नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण मुख्यालय से लेकर जबलपुर और इंदौर स्थित सभी मुख्य अभियंता अधीक्षण यंत्री संभागीय और सहा. यंत्री कार्यालयों में यंत्रीयों से लेकर चपरासी तक इतने मट्ठों के स्टाफ है। कई महिलायें तो दिन में एक बजे आकर 4 बजे चली जाती है। पूरे न.घा.वि.प्रा. में जबलपुर के दो प्रमुख अभियंता रानी अवंति बाई सागर परियोजना और दूसरा नहरों में बैठे सभी अधीक्षण यंत्रियों, इंदौर में निचली नर्मदा और सनावद में इंदिरा सागर नहरों के अंतगर्त आने वाले सभी अधीक्षण यंत्री और संभागीय कार्यालयों तक बैठी अधिकांश महिलायें 12 बजे आकर 4.30 से 5 बजे तक चली जाती है। कार्यालयों के आसपास रहने वाले स्टॉफ का भी यही हाल है अगर वो 11 बजे तक पहुंच भी गए तो 1 बजे से लंच के लिये निकलकर 3 बजे तक अधिकांश में ताले लगे रहते हैं। ठेकेदारों के बिल आदि का कार्य 4 बजे से शुरू होकर 6 बजे तके बीच ही संपन्न होता है। इन कार्यालयों में लगाई गई टैक्सियों में भी वहीं रु. 21000 से रु. 24500 तक कके ही बिल पास हो रहे हैं। इन टैक्सियों में कार्यालयीन कार्य के अतिरिक्त साहब की बीवी-बच्चों के लिये भी गाड़ीयों का इंतजाम रहता है। स्वच्छंद तरीके से घूमकर सरकारी पेट्रोल डीजल की लाखों रु. प्रतिमाह की बर्बादी की जाती है। इस विभाग में पदोन्नतियां, स्थानांतरण सबकुछ धन खर्च करने के बाद ही प्राप्त होता है। बिना खर्च किये कोई सा खां हो। निर्ष्कषापूर्ण तथ्य यह है कि ये यंत्रीगण करोड़ो रु. के घोटाले करने के बाद भी इनका भ्रष्टाचार से मन नहीं भरता और ये सारे हरामखोरों की फौज टैक्सियों में भी रु. 5 से 1000/- प्रति माह डकारते रहते हैं। न ही वरिष्ठ कुछ सुनना-देखना चाहते हैं, न ही मप्र महालेखाकार के अंकेक्षक अपना हिस्सा डकार लेते है। तो इनसे पूछताछ और जवाब देने के लिए कहते है।

मप्र लोक निर्माण विभाग में भ्रष्टाचार

शासकीय सड़कें सिविल कंस्ट्रक्शन का कार्य देखने वाली ये एजेंसी मप्र लोक निर्माण विभाग अपने भ्रष्टाचारों के लिये अंग्रेजों के समय से ही कुख्यात रही है। यहां के उपयंत्रियों से लेकर सहायक यंत्रियों, कार्यपालन यंत्रियों, अधीक्षण यंत्रियों, मुख्य अभियंता प्रमुख अभियंता आदि सब भ्रष्टाचार के इंजीनियर है। सूचना के अधिकार में जानकारी मांगने पर पर ये हरामखोर जालसाजों की फौज पहले तो पत्र लेने में भारी नौटंकी करती है। बाबुओं ने यदि दो-चार जगह नहीं दौड़ाया तो कैसा लोक भ्रष्टाचार निर्माण विभाग। आवेदन स्वीकार करने के बाद उस पर पहले प्रयास होता है कि जानकारी न देने के लिए कौन-कौन सी चाले चली जा सकती है। उसमें सबसे पहली चाल होती है कि कुछ भी अंट-शंट हजारों पन्नों का लाखों रु. का फोटोकॉपी चार्ज बताओं ताकि पलटकर ही न देखें। फिर शास. विभाग वहां बैठे सहां. यंत्रियों, कार्यपालन यंत्रियों, प्रमुख अभियंताओं के बाप की जागीरे हैं। जवाब दिया तो दिया नहीं भी दिया तो कोई क्या बिगाड़ लेगा। यदि आवेदक थोड़ा समझदार हुआ तो वो अपील करेगा। अपील के बाद यहां बैठे बाबु से लेकर अधिकारी तक एक पत्र पुरानी तारीख में जारी कर साधारण डाक से पत्र भेज देंगे फिर अपील के सुनवाई में इन्हें मालूम है कि इनका वरिष्ठ इन्हें हर हाल में बचाकर अपील नस्तीबद्ध करवा देगा।

सूचना के अधिकार में एक पत्र मुख्य अभियंता कार्यालय को दिया गया था। चार बिंदूओ में से दो बिंदुओं की जानकारी दी गई दो बिन्दुओं के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की गई। दो बिंदूओं की जानकारी भी दी गई तो अधूरी ताकि इनके भ्रष्टाचार पर आंच न आये। टैक्सियों के नाम पर यहां भी मनमानी चल रही है। जानकारी में सबके पंजीयन प्रमाण पत्र मांगे गये थे वे इन हरामखोरों ने नहीं दिये। लॉग बुक की छायालिपि मांगी गई थी, उसके बारे में इन हरामखोरों ने कुछ भी नहीं लिखा,बिलों की कॉपी के बारे में न तो धारा 6(3) के अंतगर्त पत्र आंतरित किया न से स्वयं उपलब्ध करवा पाये। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य ये निकला की शिकायतों की जो प्रतियां मांगी गई थी इन हरामखोरों ने अधिकांश शिकायतकर्ता पत्रों में से शिकायत की मूल प्रतियां गायब थी दूसरी और शिकायतों को कैसे निपटाया जाता है। इससे यह मालूम पड़ता है कि केवल शिकायतों पर कवरिंग लेटर लगाकर यहां से वहां कर दिया जाता है अर्थात शिकायतें कितनी भी गंभीर हो उन्हें आसानी से कैसे टाला जाता है किसी पर कार्यवाही नहीं की जाती। पत्र चाहे प्रधान सचिव, प्रमुख अभियंता तक पहुंचे उसकी जांच के लिये उसी के पास भेज दिया जाता है जिसके विरुद्ध शिकायत की गई होती है और वो बड़ी आसानी से उसका जवाब देकर उसे फाइलों में बांधकर रखवा देता है। भ्रष्टाचार कितना भी गंभीर हो सब एक-दूसरे से लेन-देन से जुड़े होते हैं। सबको महीना पहुंचता है, सब एक-दूसरे को बचाने में लगे रहते है। चाहे रु. 15 लाख के ठेके के रु. 44 लाख का ही भुगतान क्यों न हों? प्रमुख अभियंता बहुत शयाने हैं। पर उनकी श्यानपत की कलई सूचना के अधिकार में स्पष्ट होती है।

साप्ताहिक समय माया

टी.वी. व समाचार पत्रों के विज्ञापनों की चकाचौंध और आकर्षण में न फंसे

ग्राहकों... त्योहारों की छूट में, फंसे न लूट में

सभी का उद्देश्य कमाई है, कोई लूटने नहीं, सभी लूटने के लिए बैठे हैं

पूरे भारत में त्योहारों की जोरदार खरीदारी की जा रही है, जो जितनी बड़ी कंपनी वह उतनी बड़ी लूटेरी। अगर जनता को नहीं लूट रही होती तो कैसे बड़ी बन जाती। अरबों रुपए के विज्ञापन देश की 800 से ज्यादा टीवी चैनलों पर 1 लाख से ज्यादा पूरे देशभर के समाचार पत्र-पत्रिकाओं में विज्ञापन कैसे करती। ये सारे विज्ञापनों के खर्चे कहां से भुगतान किए जा रहे हैं। स्वभाविक है जनता की जेब से ही वसूले जा रहे है। टीवी, समाचार पत्रों के डिस्काउंट, 1 पर 3 मुफ्त, 0 प्रतिशत ब्यात, वर्ष भर की ईएमआई नहीं, ये सब विज्ञापनों को पढ़कर स्वाभाविक है, जनता आकर्षित होती है। जब ग्राहक बनकर पहुंचती है और पूछताछ करती है तब बहुत सारे रहस्य उजागर होते हैं। जैसे 50 प्रतिशत छूट का माल देखिए कि कीमत भी विक्रेता की, माल भी विक्रेता का, जो चाहे वो कीमत लिखे अर्थात तिगुनी कीमत लिखकर 50 प्रतिशत की छूट देकर फिर भी माल 150 प्रतिशत पर बेचा जा रहा है, अर्थात ग्राहक की जेब से 50 से 90 प्रतिशत ज्यादा लिया जा रहा है, जबकि छूट के पीछे बहुत सारे कारण हो सकते हैं, जैसे कि माल जो खाद्य पदार्थ था, उसकी उपयोग अवधि को समाप्त हुए ही महीनों गुजर गए हैं। चलन से बाहर हो गया, फैशन चला गया, उससे बेहतर वही वस्तु बाजार में उपलब्ध है उसी कीमत में जैसे मोबाइल फोन, घड़िया, इलेक्ट्रानिक्स गुड्स, कैमरे, टीवी, कम्प्यूटर सामग्री लेपटॉप आदि इसमें वस्त्रों जीन्स, टी-शर्ट, साड़ियां, जूते, शर्ट, बेल्ट व अन्य सामग्री जो चलन से बाहर हो जाने के कारण नहीं बिक रही है तो 50 प्रतिशत डिस्काउंट, 1 पर 1,2,3 मुफ्त आदि। स्वर्णाभूषणों में 24 कैरेट गोल्ड जो बिलकुल संभव नहीं क्योंकि 24 कैरेट स्वर्णाभूषण बन ही नहीं सकते यथार्थ में 10 से 20 कैरेट के ही स्वर्णाभूषण बेचते हैं। सबसे ज्यादा लूट, जालसाजी और मिलावट पूरे विश्व में रत्नों और स्वर्णाभूषणों, प्लेटिनम, रजत के आभूषणों में ही की जाती है। स्वर्ण, रजत, मुद्राओं जो कि उपहार स्वरूप खरीदे जाते हैं, कई बार पूर्णतः स्वर्ण और रजतहीन होकर पीतल और जस्तों के सिक्कों पर स्वर्ण और रजत की 1 से 2 प्रतिशत की प्लेटिंग कर ही सैकड़ों वर्षों से बेचे जा रहे है और ग्राहक ठगाये जा रहे है। सरकारी एजेंसियां आईएसआई और आईएसओ, बीएसआई नियमन एजेंसियों के दावे महीने की चंदी पर बिकते हैं और लाखों रु. हजम कर ऐसे स्वर्णाभूषणों पर स्तर की नाप लगा दी जाती है, जबकि सूचना के अधिकार में जानकारी मांगने पर इन एजेंसियों द्वारा न केवल जानकारी नहीं दी जाती वरन वहीं बैठे छोटे कर्मचारी अपने अधिकारियों की मोटे व्यापारियों से गठजोड़ और मोटी रिश्वत की बात बता देते हैं। अकेले इंदौर के सराफे में बैठे 100 से ज्यादा व्यापारी जो रत्नों, स्वर्णाभूषणोंपर वापसी पर पूरी कीमत लौटाने का दम भरते हैं। इस गणित को जानते हैं कि एक बार माल बिकने के बाद मुश्किल से ही ग्राहक जो 5 से 10 प्रतिशत स्वर्णाभूषण लौटाता है, यह सिद्ध कर पाता है कि ये माल उसी के यहां का है, यदि 5 से 10 प्रतिशत माल वापिस अपनी साख बचाने के लिए खरीद भी लिया गया तो 90 प्रतिशत पर तो 30 से 70 प्रतिशत धन कमाया ही है।

सराफा व्यवसायियों और सुनारों का इतिहास गवाह है कि वो सफेदपोश कभी ईमानदार नहीं रहें और ग्राहक पूरी कीमत चुकाकर केवल झूठे विश्वास के सहारे ही रत्न और स्वर्णाभूषण खरीदता हैं, जिस पर सरकार या उसकी एजेंसियों का कोई ठोस नियंत्रण नहीं रहा, दूसरी और रत्नों का व्यापार भी भारी जालसाजियों और ठगी का व्यवसाय है। हर रत्न का हूबहू वैसे ही अनेकों पत्थर पृथ्वी के गर्भ में न केवल पाए जाते हैं साथ ही रसायनों से भी तैयार किए जाने लगे हैं। जैसे हीरा न केवल कीमती और दूर्लभ की श्रैणी में है पर वैसे ही अमेरिकी हीरा जो रु. 1 प्रति कैरेट से भी कम में मिलता है, भी टिकाने से बाज नहीं आते वही हाल पुखराज, माणिक, पन्ना, नीलम का भी है। मोती की खेती भी न केवल जापान में वरन भारत में भी होने लगी है। फिर मोती की भी सैकड़ों किस्में होती है। जिसमें आसानी से ठगी की जाती है।

वर्तमान में अधिकांश मीडिया हाउसेज जिसमें श्रव्य और दृष्य दोनों ही हैं वास्तविकता में बड़े-बड़े सफेदपोश माफिया बन चुके हैं, या जो भूमाफिया, कालोनी माफिया था वह अपने कुकर्मों को बचाने, वैध-अवैध जमीनों को हड़पकर कालोनियां काटने, बहुमंजिला इमारतें बनाकर फ्लैट बेचने, स्वर्ग के दिव्य स्वप्न दिखाकर क्रेता को नर्क में धकेलने में लगे हैं। भोपाल, इंदौर, रायपुर, उज्जैन, ग्वालियर व अन्य अनेकों शहरों में बड़ी कालोनियां काटने फ्लैट बेचने का धंधा कर रहे हैं, जिसमें सहारा राज समूह तो है ही साथ ही कालोनी भूमाफियाओं को पत्रिका जैसे समूह ने पहले खुलकर उनके दोष प्रकाशित किए जब के सब समर्पण कर उनकी शर्ते मानी और धन दिया तो अब उनके बड़े-बड़े विज्ञापन छाप कर त्योराहों पर उनकी कालोनियों में प्लाट और फ्लैटों के विज्ञापन छाप कर जनता को भ्रमित कर स्वर्ग के आशियाने बताकर नर्क में ढकेलने में लगे हैं।

यह तो स्वयं सिद्ध है कि हर कालोनी भूमाफिया, फ्लैट निर्माता अव्वल दर्जे का जालसाज, चालबाज, ठगोरा होता है। न केवल निजी क्षेत्र वरन नगर विकास प्राधिकरण, मप्र गृह निर्माण मंडल, नगर निगम जैसे शासकीय विभाग डकैतों और जालसाजों के अड्डे हैं। तो दूसरी कालोनीयां काटने, फ्लैट बैचने, प्लाट काटने, रो हाउसेस बनाने वाले तो किसानो को ठगकर कृषि भूमि हथियाने, सरकारी, नजूल की, वन विभाग की, नदी-नालों, तालाबों बांधों के जलग्रहण क्षेत्र की जमीनों, शहरों से लगी गांवों की चरनोई आदि की भूमि को हड़प कर ही बिना शासकीय दस्तावेजों, रजिस्ट्रीयां करवाए बिना ही भूखंड, रो हाउसेस, फ्लैट, बिना बिजली, पानी, सड़कों आदि की आधारभूत सुविधाओं को 0 प्रतिशत ब्याज, 1 वर्ष बाद किस्त, पानी तत्काल हाथ में, नर्क में इंद्रप्रस्थ के दिव्य स्वपनों के विज्ञापन टीवी और समाचार पत्रों में छपवाकर ग्राहकों को फांसकर विकास शुल्क, रखरखाव शुल्क, पानी, बिजली, सड़कों के नाम पर न केवल वसूली करते हैं, वरन विरोध करने, सुविधाएं मांगने पर मारने-पीटने, जान से मारने की धमकी देते हैं। अर्थात छत का सपना देखने वाले किसी प्रकार से यहों वहां से धन की व्यवस्था करके इनके चंगुल में फंस कर अपनी जिंदगी को बदहाल कर बैठता है, जबकि ग्राहकों को चाहिए कि इन हरामखोर, जालसाज, गुंडे, बदमाश, नेताओं, अपराधियों रूपी भूमाफियाओं के चंगुल में फंसने से पहले, चाहे फिर वो पत्रिका, नई दुनिया, भास्कर, राजग्रुप किसी की भी चल-अचल संपत्ति खरीदने का, बेचने का किसी का भी भला हो, जो यथार्थ में जालसाजों का झमेला ज्यादा होता है कि चकाचौंध में छूट, शून्य ब्याज आदि में फंसने से पूर्व हर बात को वैधानिक पहलुओं को देखने के बाद ही अपना धन विनियोजित करे, जहां आप अपना भूखंड, रो हाउस, फ्लैट लेने जा रहे हो, वहां के रहवासियों से वास्तविकता अवश्य जान ले, किसी भी निजी संस्था से गृह ऋण लेने की अपेक्षा राष्ट्रीयकृत बैंकों से हर पहलू की सूक्ष्म जांचों के बाद ही ऋण लें, ऋण लेने के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर से पहले हर शर्त का अध्ययन करें, उसके बाद ही कहीं छत का सपना पूरा करें अन्यथा धन भी जाये, छत भी हाथ न आये, माथे पर कर्ज की परेशानी बढ़ जाये।वर्तमान में मप्र के 5 बड़े शहरों इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन में ही 5000 से ज्यादा कालोनीयों का यही हाल है। ऐसे सभी भूमाफिया शासन-प्रशासन, पुलिस को खरीदकर ही जनता को लूट रहे हैं। आपके फंस जाने के बाद मदद मुश्किल से ही मिलती है।

अर्थात त्योराहों की खरीदारी अवश्य कीजिए, परंतु लूट, छूट, मुफ्त, शून्य ब्याज आदि के विज्ञापनों की वास्तविकता जानकर, भीड़-भाड़ की अपेक्षा शांत माहौल में हर वस्तु ठोक, बजाकर अपनी उपयोगिता, आवश्यकता और उस तुलना में लागत, जेब की क्षमता के साथ ही भविष्य का आंकलन भी अवश्य करें।

सर्वोच्च न्यायालय की अच्छी पहल परंतु जातीय गत समीकरण बनेंगे

राइट टू रिजेक्ट के स्थान पर हो राइट टू रिकाल

भारत का लोकतंत्र संक्रमण काल से गुजर रहा हैं। 65 वर्ष की आजादी के बाद भी राष्ट्र की जनता अपने ही जिन सत्ताधीशों को चुन कर भेजती है, वे सत्ता में पहुंचते ही उसी जनता के हितों पर कुठारघात कर अपनी निजी संपत्तियों और येन-केन प्रकरण धन बटोरकर अपनी सात पीढ़ीयों की व्यवस्था करते हैं। साथ ही ये जब तक सत्ता में बिराजते हैं जनहीतों के नाम पर अपने हितों को साधने अपनी स्वार्थ पूर्ति की लिप्सा में न केवल जनता के वर्तमान वरन भावी पीढ़ियों के विनाश की गाथा लिखने से भी बाज नहीं आते, अब जनता के सामने चुनाव के समय जो विकल्प होते हैं, वह उन्हीं मे से ही किसी एक जो जो उनमें से ज्यादा अच्छा था न्यूनतम बुरा होता है। पर अपना मत देकर सत्ता में भेजती है। ऐसा समझा जाता है, यह सच केवल जनता के उस हिस्से का है जो शिक्षित, समझदार और न केवल निर्णय लेने में सक्षम है जो कुल जनसंख्या के 70 प्रतिशत होने के बाद भी अपने मताधिकार का केवल 30 प्रतिशत ही मतदान करते हैं। वही इस वोट रद्द करने के अधिकार का प्रयोग करेंगे उसकी नजर में हर उम्मीदवार में सैकड़ों तरह के खोट दिखेंगे और अंत में मतदान मशीन में रद्द करने का बटन दबा देगा, यथार्थ में 30 प्रतिशत वोट जो अनपढ़ ग्रामीण झुग्गी बस्ती और मुस्लिम वोट जो उनके धर्म गुरूओं के पुतवे से चलते है। उन्हें कौन से उम्मीदवार ने क्या सुविधाएं मतदान के लिए दी गई बदले में उन्हें चुनावी महोत्सव में उसके निशान पर 1 मिनट में वोटिंग का बटन दबा कर निकलना है। उन्हें इससे कदापि मतलब नहीं होता कि उम्मीदवार कैसा है, कौन सी पार्टी का है, उन मतदाताओं को मतलब होता है वोट देने के लिए किसने दारू पिलाई, भोजन करवाया, किसने ज्यादा नोट दिए, शराब-कबाब, नोटठ कोई सीधा सच्चा गरीब उम्मीदवार तो दे नहीं सकता। ये सब तो घूर्त, जालसाज, आपराधिक प्रवृत्ति के दो नं. के कालेधन वाले ही व्यवस्था कर सकते हैं। स्वाभाविक है कि ऐसे अपराधियों, कालेधन लुटाने वालों को ही सीधे कुल वोटिंग 15 से 20 प्रतिशत वोट भी मिल गए तो जीत पक्की, अर्थात सदन में फिर अपराधियों, भ्रष्टों की पहुंच बन जाएगी। दूसरी और आखिर रद्दीकरण के इस अधिकार से क्या निष्कर्ष निकालेगा चुनाव आयोग, सर्वोच्च न्यायालय और सरकार। यह प्रयोग धर्मिता न्यायालय, चुनाव आयोग और सरकार को इसके उद्देश्यों में कितना सफल या असफल बनाएगी तत्काल टिप्पणी से बेहतर है कि जनता इस अवसर का कैसा नया उपयोग करती है, उस पर निर्भर करेगा।

शिक्षित वर्ग रिजेक्ट वोट करेगा- अशिक्षित और मुस्लिम एक तरफ वोटिंग करेंगे

सर्वोच्च न्यायालय के इस कदम से कालेधन वाले अपराधियों चालबाज, धूर्तों की जरूर उचक कर लग जाएगी क्योंकि शिक्षित वर्ग अगर वोटिंग करने गया भी तो वह इस तरह से अपने मत को कोई नहीं के विकल्प से बर्बाद करेगा तो स्थिति तो जस की तस ही रही, इस विकल्प से तो स्वच्छ उम्मीदवार का तो जीतने के अवसर ही समाप्त हो जाएंगे फिर भी आगामी 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों के समय ही परिभाषित करेगा बेंहतर तरीके से। इसकी अपेक्षा बेहतर होता कि जो भी नेता चुनकर सत्ता के गलियारों में जनता पहुंचाती हैं, उस जनता को यह अधिकार दिया जाना चाहिए कि वो बेहतर तरीके से जन समस्याएं दूर करने, सदन की उपस्थिति पक्ष या विपक्ष में बैठने के बाद सदन में उसका आचरण बना रहा। जनता के मुद्दों को उठाने और उन्हें दूर करने में उसकी भूमिका बना रही यदि सभी स्थानों पर असफल रहता है तो ऐसे चुने हुए उम्मीदवारों की कार्यशैली और कार्यक्षमताएं बना रही, यदि सभी स्थानों पर नकारात्मक प्रभाव ही रहा तो बेहतर है कि ऐसे विधायक, सांसद , पार्षद, पंच, सरपंचों को जनता के कहने पर वापिस बुला लिया जाएं, ताकि कार्यरत अन्य पार्षदों, विधायकों और सांसदों को इससे सीख मिल सके और भविष्य में ऐसे चुने हुए पार्षद, विधायक और सांसदों को तत्काल अपनी कार्य क्षमताओं और कार्यशैली में बदलाव लाना पड़े ताकि या तो वे सक्रिय रहे, अन्यथा उनकी निष्क्रियता के चलते उन्हें तत्काल हटा दें, इस संबंध में उन्हें मिले कुल मतों का 25 प्रतिशत व्यक्ति भी अगर लिखित में आवेदन दें तो तत्काल जनसभ बुलाकर उन्हें पदच्च्युत कर दिया जाए, यह कानून भारी क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा जैसा कि अन्य ग्राम पंचायतों में पंचों व सरपंचों को हटाकर किया जा रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक- अजमेरा एस.पी. कुमार द्वारा अपनी दुनिया प्रिंटर्स, 13 प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 299, अम्बेडकर नगर, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
भोपाल प्रतिनिधि- एस.के. भारद्वाज मो. 9074551045, इंदौर कार्यालय- 0731-2530859, मोबा. 9300755803